Need to set up a Day Care Cancer Treatment Centre in district hospital in Bihar Sharif in Nalanda Parliamentary Constituency of Bihar-Laid

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : आम बजट-2025 के घोषणा में जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर केन्द्रों की स्थापना का प्रस्ताव है । यह एक ऐतिहासिक काम हो रहा है, जिससे देश में कैंसर के मरीजों को अपने आसपास ही इलाज की सुविधा मिल जायेगी । इस पहल से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से प्रभावित मरीजों को स्वास्थ्य सेवा की पहुंच उनके आसपास मिल जाएगी । इस राहत से बड़े-बड़े अस्पतालों पर मरीजों का बोझ भी कम होगा । मेरे क्षेत्र नालंदा से भी बड़ी संख्या में कैंसर के मरीजों को दिल्ली, मुंबई सहित देश के अन्य अस्पतालों में इलाज के लिए जाना पड़ता है । उन्हें वहां कैंसर के इलाज के लिए दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर होना पड़ता है । अतः मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र, नालंदा स्थित बिहार शरीफ जिला मुख्यालय के जिला अस्पताल में जल्द से जल्द डे-केयर कैंसर केन्द्र की स्थापना की जाये और वहाँ इसके लिए अलग से एक वार्ड बनाया जाये, जिससे कि जिले के कैंसर रोगियों को स्थानीय स्तर पर ही कैंसर के इलाज की सुविधा मिल सके ।